माननीय अध्यक्ष महोदय,

आपकी अनुमति से मैं वर्श 2009–10 के बजट अनुमान प्रस्तुत करता हूॅ।

1ण हमारी सरकार को सत्ता सम्भाले हुए एक साल का समय हो गया है और हमारी उपलब्धियों को प्रदेष की जनता सराह रही है। एक वर्श के कम समय में हमने राज्य की प्रगति तथा विकास के अनेक लक्ष्य प्राप्त किए हैं। हमारी सरकार का ध्येय है कि अपनी भौगोलिक स्थिति के अनुरुप हिमाचल प्रदेष सामाजिक व आर्थिक विकास में भी सबसे ऊपर हो।

2ण 7 मार्च, 2008 को पिछला बजट प्रस्तुत करते हुए मैंने आष्वासन दिया था कि वित्तीय स्थिति को मज़बूत करने के साथ–साथ हम विकास की गति को भी तेज़ करेंगे। अनुत्पादक खर्चों में कमी तथा वित्तीय सुधारों के उच्च मानकों को अपनाते हुए हमनें षिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कें एवं पुल, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, जल विद्युत विकास जैसे सभी अत्यावष्यक क्षेत्रों के लिए पर्याप्त बजट आबंटित किया है। ऐसे संरचनात्मक निवेष में वृद्धि के साथ–साथ हमने महिलाओं, समाज के गरीब तथा सुविधा–रहित वर्गों की विषेश आवष्यकताओं का भी घ्यान रखा है। हमारी सरकार ने एक वर्श की अल्पावधि में वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेन्षन राषि में 65 प्रतिषत की वृद्धि कर इसे 200/–रुपये से बढ़ाकर 330/– रुपये प्रतिमाह किया है। न्यूनतम दिहाड़ी को भी 47 प्रतिषत बढ़ाकर 75/–रुपये से 110 रूपये किया गया है।

आर्थिक परिदृष्य

3ण सभी मान्य सदस्य जानते हैं कि वर्श 2008 की अन्तिम तिमाही से विष्व की अर्थव्यवस्था में बड़ी हलचल रही है। राश्ट्रीय स्तर पर मुद्रास्फीति की ऊंची दर के पष्चात् निवेष के लिए धन की कमी तथा मंदी का रूझान रहा है। हिमाचल प्रदेष की निर्यातपरक औद्योगिक इकाईयों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मुझे प्रसन्नता है कि इस सबके बावजूद हमारी सरकार ने राज्य

को तीव्र प्रगति के पथ पर डाला है। 2008–09 में 7.1 प्रतिषत राश्ट्रीय विकास दर के मुकाबले राज्य की विकास दर 7.7 प्रतिषत अनुमानित है। वर्तमान मूल्यों के आधार पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद 2007–08 के 32,220 करोड़ से बढ़कर 2008–09 में संभवतः 36,940 करोड़ रुपये होगा। हमारे ठोस राजकोशीय उपायों से अगले वर्श सकल घरेलू उत्पाद 45,000/– करोड़ रुपये से भी अधिक होगा। 2008–09 में प्रति व्यक्ति आय सम्भवतः 44,803 रुपये होगी, और 2009–10 में यह 50,000/– रुपये से भी अधिक हो जाएगी। अर्थात अगले वर्श हिमाचल प्रदेष में औसत घरेलू आय 20,000/– रुपये प्रतिमास से भी अधिक होगी। यह हमारी सरकार द्वारा राज्य के सभी क्षेत्रों में समग्र समृद्धि का सूचक है।

4ण इस मान्य सदन को सूचित करते हुए मुझे विषेश प्रसन्नता है कि हमारी सरकार द्वारा जलविद्युत परियोजनाओं के आबंटन को प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया द्वारा अधिक पारदर्षी बनाया गया है, जिसके फलस्वरूप हम 600 करोड़ रूपये से भी अधिक के संसाधन जुटा पायेंगे। इस असाधारण कदम के कारण 2008–09 के वास्तविक वित्तीय घाटे को दर्षाए गए आंकड़ों से काफी कम किया जा सका है। 2008–09 का वर्श मज़बूत अर्थव्यवस्था का वर्श रहा है। इस वर्श, हमने सुनिष्चित किया है कि प्रदेष सरकार भारत सरकार द्वारा प्राधिकृत ऋण सीमा के भीतर रहेगी और बजट से बाहर कोई भी ऋण नहीं लेगी। राज्य सरकार के कर्मचारियों तथा पेन्षन भोगियों को मंहगाई भत्ते की अदायगी के साथ–साथ हमने संषोधित वेतनमानों की प्रत्याषा में अन्तरिम राहत की अदायगी भी कर दी है। इसके बावजूद हमने बेहतर वित्तीय प्रबन्धन द्वारा सुनिष्चित किया है कि हमारे कार्यकाल के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक में राज्य सरकार के नाम एक भी दिन का 'ओवर ड्राफ्ट' नहीं हुआ है।

5ण तथापि, मैं मान्य सदन के सदस्यों को सचेत करना चाहूँगा कि आगामी वित्त वर्श प्रत्याषित संषोधित वेतनमान तथा पेन्षन दायित्वों के कारण भारी

वित्तीय चुनौतियों भरा होगा। चूंकि अगला वर्श बारहवें वित्त आयोग प्रदाय का अन्तिम वर्श है, अतः 2007–08 के मुकाबले 2009–10 में केन्द्र सरकार से प्राप्त होने वाली सहायतानुदान राषि 300 करोड़ रुपये से ज़्यादा घटेगी। इसके अलावा, राश्ट्रीय स्तर पर विकास की गति में गिरावट तथा मंदी के कारण अगले वर्श केन्द्रीय करों के हिस्से में पिछले वर्शों की भान्ति वृद्धि नहीं हो पाएगी।

6ण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करके हमारी सरकार 2009–10 की वित्तीय चुनौतियों का पूरी तरह से सामना करने के लिए कटिबद्ध है। अतिरिक्त संसाधन जुटाने तथा कर एवं गैर कर आय में वृद्धि करने के लिए हमने आन्तरिक उपाय तलाषने षुरू कर दिए हैं। इनमें बिजली षुल्क के लिए यथामूल्य दरें अपनाना भी षामिल है। आबकारी एवं कराधान विभाग के कंप्यूटरीकरण द्वारा आगामी वर्श के दौरान हम राजस्व वसूलियों में हो रही हानि पर रोक लगाएंगे। निजी तथा व्यावसायिक वाहनों के पंजीकरण कर की दरों को पड़ोसी राज्यों की दरों के बराबर लाया जाएगा। पर्यावरण को बचाए रखना हमारी सरकार की महत्त्वपूर्ण नीति है। इसके लिए हम वाहनों की बढ़त पर नियन्त्रण के उद्देष्य से तथा बेहतर पर्यावरण रक्षा उपायों हेतु धन प्रदान करने के लिए पर्यावरण षुल्क लगाने के सम्भावित विकल्प तलाषेंगे।

वार्शिक योजना 2009–10

7ण अध्यक्ष महोदय, पिछले बजट भाशण में मैंने विषेश रूप से उल्लेख किया था कि पिछली सरकार की कमज़ोर वित्तीय विरासत को हम राज्य के तीव्र विकास के आड़े नहीं आने देंगे। हमारी सरकार के आने के बाद सड़कों, पेयजल तथा सिंचाई परियोजनाओं, षिक्षा, स्वास्थ्य तथा ऊर्जा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में तीव्र गति से चल रहे विकास कार्य इस तथ्य की पुश्टि करते हैं कि हमारी सरकार जो कहती है, वह करती है।

8ण आगामी वेतनमान संषोधन के आर्थिक प्रभाव के कारण 2009–10 की वित्तीय स्थिति को हमें मज़बूत वित्त प्रबन्धन से सम्भालना होगा।

अर्थव्यवस्था के हर पहलू को प्रभावित करते हुए अगले वित्त वर्श के लिए हमनें 2700 करोड़ रुपये की वार्शिक योजना परिव्यय का प्रावधान किया है, जो इस वर्श के परिव्यय से 12.5 प्रतिषत अधिक है।

9ण अगले वित्त वर्श के लिए क्षेत्रवार प्राथमिकताएं हमने सदन के मान्य सदस्यों के साथ 15 व 16 जनवरी, 2009 को हुए गहन विचार–विमर्ष तथा अन्य सभी जांमीवसकमते से विचार–विमर्ष के आधार पर निर्धारित की हैं।

10ण 2009–10 की वार्शिक योजना के अन्तर्गत चालू वित्त वर्श में हुए विकास को मज़बूत करने पर बल दिया जायेगा। चालू पूंजीगत कार्यों को षीघ्र पूरा करने तथा विद्यमान परिसम्पत्तियों के रख–रखाव पर समान बल देने के लिए सम्बन्धित विभागों को प्रोत्साहित किया जाएगा। विभागों को अपने बजट प्रावधानों के अन्दर रहते हुए परिसम्पत्तियों के रख–रखाव की अपेक्षाओं को निर्धारित करने की छूट दी जाएगी। विभाग अपने पूंजीगत परिसम्पत्तियों की रख–रखाव योजना भी स्वंय तैयार करेंगे।

11ण अध्यक्ष महोदय, अब मैं सरकार की उपलब्धियों तथा महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए बनाई गई नीतियों का उल्लेख करना चाहूँगा।

कृशि,बागवानी तथा सम्बद्ध गतिविधियां

12ण कृशि, बागवानी, पषुपालन तथा मछली पालन हिमाचल प्रदेष की जनता के जीवनयापन के मुख्य साधन हैं, जिनसे लगभग 70 प्रतिषत कामकाजी जनता को रोज़गार मिलता है। इसके दृश्टिगत हमारी सरकार राज्य के कृशकों के आर्थिक उत्थान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। नाबार्ड (छ।ठ।त्क्द्ध वित्तीय सहायता के माध्यम से हमने 353 करोड़ रुपये की श्पंडित दीन दयाल किसान–बागवान समृद्धि योजनाश आरम्भ कर दी है। इस योजना से लघु सिंचाई सुविधाओं तथा लगभग 29,000 जलवायु नियंत्रित 'पौली हाऊसिज़' के माध्यम से हमारे किसानों की नगदी फसलों के उत्पादन में वृद्धि होगी। हमें विष्वास है कि इस योजना से स्वरोज़गार के अधिक अवसर उपलब्ध होंगे तथा कृशि आय भी बढ़ेगी।

13ण सिंचाई सुविधाओं की कमी से कृशि उत्पादकता प्रभावित होती है। इस

कमी को दूर करने के लिए हमारी सरकार षाह नहर, सिद्धाथा, बल्हघाटी तथा चंगर सिंचाई परियोजनाओं को तीव्र गति से पूरा करने के लिए वचनबद्ध है। कार्यकारी एजेन्सियों की कार्यक्षमता के अनुरूप इन सिंचाई परियोजनाओं के पूर्ण वित्त पोशण के लिए 85 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। लघु सिंचाई एवं भू तथा जल–संरक्षण गतिविधियों के लिए अगले वित्त वर्श में हमने 182 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है । इस प्रकार सिंचाई क्षेत्र के लिए 267 करोड़ रुपये का कुल योजना प्रावधान किया गया है, जो समग्र योजना परिव्यय का लगभग 10 प्रतिषत है।

14ण कृशि उत्पादकता में वृद्धि के दृश्टिगत, कृशि विभाग द्वारा किसानों में वितरण हेतु, उच्च उत्पादन गुणवत्ता वाले बीजों की खरीद के लिए 30 करोड़ रुपये का विषेश बजट प्रावधान किया गया है। हमारी सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया मिट्टी परीक्षण तथा मिट्टी परीक्षण कार्ड वितरण कार्य, कृशि विभाग जारी रखेगा। इस वर्श जारी किए गए 1 लाख मिट्टी परीक्षण कार्डों के अतिरिक्त आगामी वर्श में 1.25 लाख मिट्टी परीक्षण कार्ड जारी किए जाएंगे। मिट्टी परीक्षण प्रयोगषालाओं को भी आधुनिक उपकरण प्रदान करके सुदृढ़ किया जाएगा। कृशि तथा बागवानी विभागों द्वारा जैविक कृशि तथा केंचुआ खाद के प्रयोग को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अगले वर्श 1.50 लाख केंचुआ खाद इकाईयां स्थापित की जाएंगी तथा आगामी दो वर्शों में हमारी सरकार प्रत्येक फार्म हाऊस में केंचुआ खाद गड्डों का निर्माण सुनिष्चित करेगी।

15ण हिमाचल प्रदेष में दूध उत्पादन कुल 9 लाख टन अनुमानित है। पषुपालन विभाग कृत्रिम गर्भाधान, संकर नसल तथा बेहतर पषुचारे की आपूर्ति से दूध के उत्पादन में वृद्धि करेगा। पिछले बजट भाशण में दूध उत्पादकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने के लिए मैंने दूध के क्रय मूल्य में 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की थी। मार्च 2009 से हमने इन दरों में 2 रुपये प्रति लीटर की और वृद्धि की है। आगामी वर्श में मिल्कफैड को 9.5 करोड़

रुपये की विषेश बजट सहायता मिलेगी। मिल्कफैड दूध उत्पादकों को हर पखवाड़े में अदायगी सुनिषिचित करेगा। मिल्कफैड तथा पषुपालन विभाग, प्राप्त दूध की गुणवत्ता में 'मोबाइल चिल्ड ट्रांसपोर्ट यूनिटस' के माध्यम से सुधार लाने हेतु कार्य करेंगे। मिल्कफैड ज़्यादा से ज़्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों तथा सहकारी दूध समितियों को प्रोत्साहित करने के लिए सामाजिक न्याय, ग्रामीण विकास तथा सहकारिता विभाग के साथ मिलकर कार्य करता रहेगा। पषुपालन विभाग दूध उत्पादकों को गुणवत्तायुक्त पशुचारे की उपलब्धता सुनिष्चित करेगा। इस के लिए अगले वर्श 75 लाख रुपये की लागत से हमीरपुर में एक चारा विधायन संयत्र स्थापित किया जाएगा। युक्तिकरण प्रक्रिया द्वारा 25 पशुपालन संस्थाओं में से 21 को पशुपालन चिकित्सालायों तथा 4 को केन्द्रीय पशुपालन औशधालयों में स्तरोन्नत करने का निर्णय लिया गया है। पुनर्गठन की इस प्रक्रिया से 19 नई पशुपालन संस्थाएं भी खोली गई हैं।

16ण आगामी वर्श में मत्स्य विभाग आधुनिक मछली पालन तथा विपणन तकनीक से जीवनयापन गतिविधियों का तेज़ी से विस्तार करेगा। विभाग बेरोज़गार युवाओं को मछली पालन, मोती उत्पादन तथा व्यावसायिक ट्राउट पालन जैसी जल–आधारित गतिविधियों में प्रषिक्षित करेगा। मछली बीज उत्पादन बढ़ाने के लिए मछली बीज फार्मों का विस्तार तथा नए फार्मों का निमार्ण किया जाएगा।

17ण हमारी सरकार नगदी फसलों, जैसे टमाटर, आलू, सेब, आम इत्यादि के लिए बीमा योजना आरम्भ करने के लिए वचनबद्ध है। 2009–10 में ऐसी प्रायोगिक बीमा योजनाएं आरम्भ की जाएंगी। हमने सोलन ज़िले में टमाटर तथा कांगड़ा और ऊना ज़िलों में रबी आलू की

फसल हेतु मौसम पर आधारित बीमा योजनाएं आरम्भ करने का निर्णय पहले ही ले लिया है।

18ण अध्यक्ष महोदय, हमारे प्रयासों से किसानों को रोज़गार के बेहतर अवसर

उपलब्ध करवाने तथा उनकी आय बढ़ाने हेतु हमारी सरकार की वचनबद्धता से इस मान्य सदन के सभी माननीय सदस्य आष्वस्त होंगे। इस उद्देष्य से आगामी वर्श में कृशि तथा सम्बन्धित क्षेत्र, जिसमें सिंचाई सेवाएं भी षामिल हैं, के लिए मैंने 521 करोड़ रुपये के कुल योजना प्रावधान का प्रस्ताव रखा है। यह 2009–10 की कुल योजना प्रावधान का लगभग पॉचवा हिस्सा है।

ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज

19ण ग्रामीण विकास गतिविधियों के लिए आगामी वित्त वर्श में मैंने 143 करोड़ रुपये का और प्रावधान किया है। अगले वित्त वर्श ''नरेगा'' के कार्यक्रम के अन्तर्गत 12 करोड़ कार्य दिवसों से अधिक का रोज़गार उपलब्ध करवाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग पूरी तरह तैयार है। अतः पंचायती राज संस्थाएं न केवल प्रत्येक घर को रोज़गार प्रदान करने अपितु ग्रामीण क्षेत्र में आधारभूत संरचना में भी बड़े पैमाने पर सुधार करने की स्थिति में है।

20ण मुझे यह घोशित करते हुए प्रसन्नता है कि पंचायत सहायकों के प्रोत्साहन के लिए उनकी 8 वर्श की संतोशजनक सेवा उपरान्त उन्हें पंचायत सचिव पदनामित किया जायेगा। हमारी सरकार ने सभी ग्राम रोज़गार सेवकों तथा तकनीकी सहायकों का न्यूनतम सेवा षुल्क क्रमषः 1500 रुपये व 2500 रुपये प्रतिमाह सुनिष्चित करने का निर्णय लिया है।

21ण हमारी सरकार ने न्यूनतम मज़दूरी में 33 प्रतिषत की वृद्धि कर इसे 75 रुपये से 100 रुपये किया था। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण बेरोज़गारों द्वारा अर्जित की जाने वाली सम्भावित वार्शिक मज़दूरी 7500 रुपये से बढ़कर 10,000 रुपये हो गयी। यह घोशित करते हुए मुझे प्रसन्नता है कि अगले वित्त वर्श में हमारी सरकार कृशि न्यूनतम मज़दूरी में 10 प्रतिषत की और वृद्धि करेगी। इससे हमारे ग्रामीण परिवार प्रतिवर्श 11,000 रुपये की आमदनी अर्जित कर पायेंगे।

22ण हमारी सरकार गरीबों की आवासीय आवष्यकताओं के प्रति अत्याधिक चिंतित है। मुझे यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि ''इंदिरा आवास

योजना'' तथा ''अटल आवास योजना'' के अन्तर्गत विषेश बजट प्रावधान के परिणामस्वरूप आगामी वित्त वर्श में ग्रामीण विकास विभाग तथा सामाजिक न्याय विभाग, लगभग 9000 नए मकानों के निर्माण तथा 900 पुराने मकानों की मुरम्मत के लिए सहायता प्रदान करेंगे। इससे हमारी ग्रामीण जनता तथा अनुसूचित जाति के परिवार बड़े पैमाने पर लाभान्वित होंगे।

23ण ''संपूर्ण स्वच्छता अभियान'' के अन्तर्गत हमने मार्च 2010 तक सभी पंचायतों को 'खुले में षौच मुक्त' करने का लक्ष्य रखा है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण विकास विभाग तथा षिक्षा विभाग, सभी विद्यालयों में

छात्राओं के लिए 100 प्रतिषत षौचालय के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्य करेंगे।

ऊर्जा

24ण अध्यक्ष महोदय, हम सब जानते हैं कि हिमाचल का आर्थिक भविश्य प्रदेष के 20,564 मैगावाट जल–विद्युत क्षमता के तीव्र दोहन पर निर्भर है। वर्तमान वित्त वर्श में हमारी सरकार ने जलविद्युत परियोजनाओं के निविदा मापदण्डों में बदलाव किया है। अतः 12 प्रतिषत, 18 प्रतिषत तथा 30 प्रतिषत निःषुल्क बिजली 'रॉयल्टी' प्राप्ति के बजाए, अब बिजली उत्पादक 12 से 26 प्रतिषत तक अतिरिक्त निःषुल्क बिजली 'रॉयल्टी' अदा करेंगे। अर्थात, प्रतिस्पर्धात्मक निविदा प्रक्रिया के आधार पर निजी क्षेत्र के अनेक बिजली उत्पादक राज्य सरकार को निषुल्क बिजली प्रदान करेंगे, जिसकी दर पहले 12 वर्शों में उत्पादित बिजली का 24 से 38 प्रतिषत, अगले 18 वर्शों में 30 से 44 प्रतिषत तथा परियोजना के अन्तिम 10 वर्शों में 42 से 56 प्रतिषत होगी। इसके अलावा राज्य सरकार ने 20 लाख रूपये प्रति मैगावाट की दर से 'अपफ्रंट प्रिमीयम' भी लिया है, जिससे चालू वित्त वर्श में सरकार को 600 करोड़ रुपये से भी अधिक आय होने की आषा है। इस प्रकार, हमने न केवल चालू वित्त वर्श में अतिरिक्त आर्थिक संसाधन

जुटाए हैं, बल्कि अगले 50 वर्शों से भी ज़्यादा अवधि के लिए हिमाचल प्रदेष के वित्तीय हितों की रक्षा की है। अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार द्वारा तैयार की गई यह पारदर्षी स्पर्धात्मक

निविदा पद्धति सुषासन तथा वित्तीय विवेक के प्रति हमारी सरकार की वचनबद्धता का प्रतीक है।

25ण पर्यावरण रक्षा, ऊर्जा बचत और राज्य विद्युत बोर्ड की वित्तीय स्थिति को मज़बूत करने की हमारी वचनबद्धता के दृश्टिगत सरकार ने इसी वित्त वर्श में ''अटल बिजली बचत योजना'' प्रारम्भ की है। लगभग 80 करोड़ रुपये की लागत से हमने राज्य के प्रत्येक घर को 4 'सी0एफ0एल0 बल्ब' मुफ्त वितरित किए हैं।

26ण वर्तमान वित्त वर्श में हमारी सरकार ने 'एषियन डवैल्पमैन्ट बैंक' से 4000 करोड़ रुपये का वित्तीय पैकेज प्राप्त किया है। जिससे हिमाचल प्रदेष विद्युत परिशद् 800 मैगावाट से अधिक की विद्युत परियोजनाएं स्थापित करेगा। 'ए0डी0बी0' से प्राप्त वित्तीय सहायता का 90 प्रतिषत प्रदेष सरकार को सीधे अनुदान के रूप में मिलेगी। यह हमारे प्रदेष की भावी समृद्धि के सषक्तिकरण हेतु अत्यन्त महत्त्वपूर्ण कदमों में से एक है। लगभग 1000 मैगावाट की कुल क्षमता की 7 जलविद्युत परियोजनाएं हिमाचल प्रदेष ऊर्जा निगम को सौंपी गई हैं। इनमें से 5 परियोजनाओं के प्रमुख घटकों पर आगामी वित्त वर्श में कार्य आरम्भ हो जाएगा। ये परियोजनाएं सम्भवतः 2013 तक मुकम्मल हो जाएंगी, जिससे राज्य सरकार को 1800 करोड़ रुपये की वार्शिक आमदनी होगी।

27ण हमारी सरकार ने तैयार बिजली के संग्रहण तथा संचारण को सुदृढ़ करने के लिए 27 अगस्त, 2008 को एक अलग संचारण निगम का भी गठन किया है। निगम ऊर्जा संग्रहण तथा संचारण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए लगभग 4500 करोड़ रुपये का एक विस्तृत 'मास्टर प्लान' तैयार कर

रहा है। इन संचारण परियोजनाओं के लिए बाह्य वित्त पोशण तथा आर0ई0सी0;त्म्ब्द्ध और नाबार्ड से ऋण प्राप्त करना हमारा लक्ष्य है।

28ण हमने हिमाचल प्रदेष राज्य विद्युत निगम की निर्माणाधीन 100 मैगावाट ऊहल जल विद्युत परियोजना को गति प्रदान की है, जो 2010 के अन्त तक तैयार हो जाएगी। हमारी सरकार ने हिमऊर्जा की माली हालत सुदृढ़ करने के लिए 5 मैगावाट से कम क्षमता वाली कुछ छोटी जल विद्युत परियोजनाओं को इस संगठन के लिए आरक्षित रखने की पहल की है। इस प्रकार लगभग 100 मैगावाट क्षमता की विद्युत परियोजनाएं हिमऊर्जा के स्वामित्व में हो जाएंगी, जिससे हिमऊर्जा प्रतिवर्श 150 करोड़ रूपये से भी ज़्यादा के आन्तरिक संसाधन जुटा पायेगा।

29ण ऊर्जा क्षेत्र के लिए रेखांकित सभी उपायों को सहायता प्रदान करने के लिए आगामी वित्त वर्श में मैं 355 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्ताव करता हूँ, जो अगले वित्त वर्श के योजना परिव्यय का 13 प्रतिषत है।

सड़कें व सड़क परिवहन

30ण अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्यों के साथ वार्शिक योजना पर विचार विमर्ष दौरान यह मुद्दा बार–बार उठा था कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों को सड़क से जोड़ने के प्रयासों में तीव्रता लाई जाए और इस वित्त वर्श में अभूतपूर्व वर्शा तथा भू–स्खलन से क्षतिग्रस्त सड़क नेटवर्क तुरंत ठीक किया जाए।

31ण रेल परिवहन के अभाव में सड़कें प्रदेष की अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएं हैं। सड़कों की बहाली तथा मुरम्मत कार्यों के लिए विषेश पैकेज प्रदान करने हेतु हम केन्द्र सरकार से बार–बार अनुरोध करते रहे हैं। यह अफसोसजनक है कि केन्द्र सरकार ने हमारे निवेदनों के महत्त्व को पूरी तरह नहीं समझा।

32ण उपरोक्त तथ्य के दृश्टिगत तथा गहन विचार विमर्ष के पषचात्, हमारी सरकार ने अगले वित्त वर्श में सड़कों को उच्च प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। इस मान्य सदन को सूचित करते हुए मुझे प्रसन्नता है कि

सड़कों के लिए इस वित्त वर्श के 304 करोड़ के
मुकाबले, हमने 176 करोड़ की वृद्धि कर 2009–10 में 480 करोड़ रुपये का कुल प्रावधान किया है। यह अगले वित्त वर्श में सड़कों और पुलों के लिए 58 प्रतिषत की वृद्धि है। परिवहन क्षेत्र के लिए कुल परिव्यय पूर्ण योजना आकार का 20 प्रतिषत से भी अधिक है। परिव्यय में यह वृद्धि चालू विष्व बैंक सड़क परियोजना, माननीय विधायकों की 'आर0आई0डी0एफ0' प्राथमिकताओं तथा विद्यमान

सड़क नेटवर्क के रख–रखाव की आवष्कताओं को पूरा करने हेतु की गई है।

33ण राश्ट्रीय मापदण्डों की तुलना में हिमाचल प्रदेष में सड़कों की सघनता राश्ट्रीय औसत से लगभग आधी है। हमारे लगभग 50 प्रतिषत गांव अभी भी सड़कों से जोड़े जाने हैं। मुझे विष्वास है कि सभी माननीय सदस्य सहमत होंगे कि हमें सड़क नेटवर्क निर्माण तथा रख–रखाव को न केवल अगली वार्शिक योजना में अपितु सालों–साल प्राथमिकता देनी होगी। आगामी वर्श में 500 से ऊपर जनसंख्या वाले सभी गांवों को सड़कों से जोड़ने के पूर्ण प्रयास किए जाएंगे। ''प्रधानमन्त्री ग्राम सड़क योजना'' के अन्तर्गत हमने 250 से अधिक जनसंख्या वाले गांवों को सड़क से जोड़ने के लिए 310 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से, 822 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 221 परियोजनाएं केन्द्र सरकार को भेजी हैं। हमारी सरकार ने वर्श 2012 तक 250 से अधिक की जनसंख्या के सभी गांवों को सड़क से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

34ण सड़क नेटवर्क विस्तार के साथ–साथ जनता की लगातार मांग रही है कि सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में विस्तार किया जाए। सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में निजी क्षेत्र के प्रवेष को अधिक प्रोत्साहित करने के लिए हमारी सरकार ने एक नयी योजना लागू की है। हमने बेरोज़गार युवाओं को

पथकर अदायगी बिना, ग्रामीण सड़कों पर बस तथा छोटी 'मैक्सी कैब' गाड़ियां चलाने की अनुमति दी है। हमारी सरकार का इरादा है कि नज़दीकी खण्ड मुख्यालयों/'नोटिफाईड एरिया कमेटियों' को गांव से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्गों की रूट परमिट आबंटन प्रक्रिया को और उदार बनाया जाए। इस प्रकार हम 'हब तथा स्पोक ट्रांस्पोरटेषन मॉडल' प्रोत्साहित करना चाहते हैं, जिससे सभी गांवों और षहरों के बीच पर्याप्त परिवहन सेवाओं के लिए निजी–सार्वजनिक सहभागिता बढ़े। सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बढ़ावा देने हेतु हमारी सरकार ने ग्रामीण सड़कों पर सभी 'बस रूट' के लिए पथकर में छूट देने का निर्णय लिया है।

35ण हिमाचल पथ परिवहन निगम हेतु अगले वित्त वर्श में 43 करोड़ रुपये की योजना सहायता की घोशणा करते हुए मुझे प्रसन्नता है। यह वर्तमान वित्त वर्श के प्रावधान से 30 प्रतिषत की वृद्धि है और इससे हिमाचल पथ परिवहन निगम 300 पुरानी बसें बदलेगा। सड़क सुरक्षा की दृश्टि से अगले वर्श जसूर में एक 'ड्राईविंग स्कूल' आरम्भ किया जाएगा। अगस्त, 2009 तक षिमला का अन्तर्राज्य बस अड्डा चालू कर दिया जाएगा तथा अर्की, आनी, सुन्दरनगर और जुब्बल के बस अड्डों का निर्माण कार्य भी अगले वर्श के दौरान पूरा कर लिया जाएगा।

36ण हिमाचल पथ परिवहन निगम को अगले वित्त वर्श में सम्भावित वेतनमान संषोधन दायित्वों का सामना करना होगा। इसके लिए मैंने इस वर्श के 48 करोड़ रुपये के मुकाबले अगले वर्श में 60 करोड़ रुपये की गैर योजना सहायता का प्रावधान किया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम हेतु अगले वर्श लगभग 120 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान है। जिसमें पिछले ऋण दायित्वों की अदायगी भी षामिल है।

जलापूर्ति

37ण अध्यक्ष महोदय, प्रत्येक घर के लिए स्वच्छ पेयजल का प्रावधान भारतीय जनता पार्टी सरकार की हमेषा उच्च प्राथमिकता रही है। मैंने पिछले बजट में ग्रामीण जलापूर्ति परिव्यय में 40 प्रतिषत की वृद्धि की थी। इससे

पेयजल आपूर्ति में तेज़ी आई तथा लम्बे समय से अधूरी पड़ी जलापूर्ति योजनाओं को पूरा करने में हमें मदद मिली। हमारी पहल से 2000 हैंडपम्प, विषेशकर राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में स्थापित हुए, जिसको प्रदेष की जनता तथा जन–प्रतिनिधियों ने सराहा है। इन सभी प्रयासों को जारी रखने हेतु आगामी वर्श में हमारी सरकार ने पेयजल आपूर्ति के लिए 182 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

38ण वार्शिक योजना पर चर्चा के अनुरूप अगले वर्श सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग चालू योजनाओं को पूरा करने पर ध्यान देगा। नये खर्चों के अन्तर्गत हमारी सरकार ग्रेवटी पेय जलापूर्ति योजनाओं, टयूबवैल तथा हैन्डपम्पों के निर्माण पर बल देती रहेगी। इस वर्श के अन्त तक सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17,463 हैण्डपम्प स्थापित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि अगले वर्श के अन्त तक राज्य में स्थापित कुल हैण्डपम्पों की संख्या लगभग 20,000 हो जाए। अगले वर्श में हम 172 करोड़ रुपये की सकल लागत से तीन मुख्य ग्रामीण पेयजल योजनाएं भी आरम्भ करेंगे। इनसे बिलासपुर तथा कांगड़ा ज़िलों के पानी की कमी वाले क्षेत्रों की 1171 बस्तियां लाभान्वित होंगी।

39ण राजधानी क्षेत्र षिमला के लिए योजना आयोग तथा षहरी विकास मन्त्रालय ने पब्बर नदी ग्रेवटी जलापूर्ति योजना को बाह्य वित्त पोशण के लिए संस्तुत किया

है। हमारी सरकार इस मामले पर ज़ोरदार अनुवर्ती कारवाई कर रही है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

40ण सभी माननीय सदस्यों को याद होगा कि पिछले बजट में हमने अनुसूचित जाति उप–योजना को 231 करोड़ से बढ़ाकर 594 करोड़ रुपये किया था। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि 2009–10 की योजना में इस राषि में 74 करोड़ की और वृद्धि करके कुल 668 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना प्रावधान से राज्य के सभी अनुसूचित जाति परिवार लाभान्वित होंगे तथा अनुसूचित जाति हेतु आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में

चालू पूंजीगत कार्यों के लिए धन की उपलब्धता बढ़ेगी।

41ण अध्यक्ष महोदय, सभी सदस्यगण जानते हैं कि हमारी सरकार समाज के कमज़ोर वर्गों के उत्थान के लिए कटिबद्ध है। इस उद्देष्य से सत्ता सम्भालते ही हमने वृद्धों, विधवाओं तथा विकलांगों की पेन्षन राषि में 50 प्रतिषत की वृद्धि कर इसे 200 रुपये से 300 रुपये प्रतिमास कर दिया था। पहली जनवरी 2009 से हमने इस पेन्षन राषि में 10 प्रतिषत की और वृद्धि कर इसे 330 रुपये प्रतिमास कर दिया है। मेरे पिछले बजट आष्वासन के अनुरूप हमने गरीबी रेखा से नीचे सभी पात्र व्यक्तियों को प्रथम अप्रैल, 2008 से सामाजिक पेन्षन नेटवर्क में षामिल कर लिया है। इस प्रकार हमने लगभग 15,000 परिवारों को सामाजिक पेन्षन नेटवर्क में जोड़ा है। करीब 2.52 लाख परिवार अब सामाजिक सुरक्षा पेन्षन प्राप्त कर रहे हैं, जो राज्य के हर पांच परिवारों में लगभग एक परिवार बनता है। हमारी सरकार अगले कुछ वर्शों में चरणबद्ध तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेन्षन को 400 रुपये प्रतिमास करने के लिए वचनबद्ध है।

42ण मैंने पिछले वर्श ''मातृषक्ति बीमा योजना'' के अन्तर्गत बीमा लाभों को दुगुना करके दुर्घटना में मृत्यु पर 50,000 रुपये व एक अंग की क्षति पर 25,000 रुपये किया था। समाज के सबसे गरीब तबके के प्रति हमारी वचनबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, इन बीमा लाभों को फिर से दुगुना करके, दुर्घटना में मृत्यु पर 1 लाख रुपये तथा एक अंग की क्षति पर 50,000 रुपये किया गया है।

जनजातीय विकास

43ण जनजातीय क्षेत्र की जनता ने हमारी सरकार पर पूर्ण भरोसा जताया है। तत्कालीन प्रधानमन्त्री आदरणीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की पहल पर रोहतांग सुरंग निर्माण परियोजना को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई थी। यह सुरंग लाहौल तथा पांगी क्षेत्रों के लिए जीवन रेखा होगी। इस पहल को आगे बढ़ाने हेतु पिछली कांग्रेस सरकार ने केन्द्र

सरकार के साथ कोई गंभीर प्रयास नहीं किए, और इस महत्वपूर्ण परियोजना के निर्माण कार्य को आरम्भ करने में 5 बहुमूल्य वर्श ज़ाया हो गए। इस सुरंग के निर्माण कार्य को तेज़ी से आरम्भ करने का मामला हमारी सरकार केन्द्रीय रक्षा मन्त्रालय तथा सीमा सड़क संगठन के साथ लगातार उठा रही है। हमारे निरन्तर प्रयासों के फलस्वरूप सुरंग के निमार्ण की निविदा को अंतिम रूप दे दिया गया है। अगले वित्त वर्श में जनजातीय उप–योजना के अन्तर्गत जनजातीय कल्याण हेतु 243 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

शिक्षा तथा तकनीकी षिक्षा

44ण षिक्षा के क्षेत्र में विद्यमान षैक्षणिक ढ़ांचे को सुदृढ़ करने तथा प्रत्येक स्तर पर षिक्षा की गुणवत्ता सुधारने पर हमारी सरकार ध्यान दे रही है। इस उद्देष्य से हमने अपनी सरकार की ''ग्रामीण विद्या उपासक योजना'' को फिर से आरम्भ करने का निर्णय लिया है। पंचायतों को नए प्राथमिक पाठषाला अध्यापक लगाने के लिए पर्याप्त अनुदान दिया जाएगा। हमारे पिछले कार्यकाल के दौरान नियुक्त किए गए सभी पात्र ग्रामीण विद्या उपासक, 1 अप्रैल, 2009 से अनुबन्ध श्रठज अध्यापक बन जाएंगे।

45ण राज्य में सभी सरकारी तथा गैर सरकारी पाठषालाओं को राश्ट्रव्यापी 'एन0सी0ई0आर0टी0' ;छब्म्त्ज्द्ध पाठ्यक्रम पद्धति अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। इस से षिक्षा के मानक में एकरूपता आयेगी तथा कर्मचारियों को उनके स्थानान्तरण पर अपने बच्चों को नई पाठषालाओं में दाखिल करने मे भी आसानी रहेगी।

46ण अंग्रेजी भाशा कौषल, 'आई0टी0' षिक्षा तथा व्यक्तित्व विकास षिक्षित युवाओं के लिए बेहतर रोज़गार अवसरों की कुंजी है। इसलिए षिक्षा विभाग महाविद्यालय तथा विद्यालय स्तरों पर ऐसे कौषल विकास के लिए विषेश नीति तैयार करेगा।

47ण सरकार निजी विष्वविद्यालयों की स्थापना को प्रोत्साहित कर रही है। राज्य में तीन निजी विष्वविद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। कम से कम 6–7

इसी प्रकार के और विष्वविद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है। इस उद्देष्य से सार्वजनिक–निजी सांझेदारी द्वारा ''अटल षिक्षा कुंज'' नामक एक षैक्षणिक 'हब' बद्दी में 62 करोड़ की अनुमानित लागत से 554 बीघा ज़मीन पर बनाया जा रहा है। अगले वित्त वर्श में हमारी सरकार प्रत्येक ज़िले में भूमि बैंक चिह्नित करेगी जिन्हें ख्याति प्राप्त निजी विष्वविद्यालयों की स्थापना हेतु उपलब्ध करवाया जा सके। इस प्रक्रिया से हम स्नातकों के लिए रोजगार की सम्भावनायें बढ़ाने का इरादा रखते हैं। वर्तमान बी0एड0 कॉलेजों को ज़्यादा तकनीकी पाटय्क्रमों के माध्यम से रोज़गार–परक प्रषिक्षण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

48ण हमारी सरकार मण्ड़ी में एक 'आई0आई0टी0', कांगड़ा में एक केन्द्रीय विष्वविद्यालय व एक 'राश्ट्रीय फैषन टैक्नोलोजी' संस्थान की स्थापना हेतु केन्द्रीय सरकार की सांझेदारी प्राप्त करने में सफल हुई है। हिमाचल प्रदेष में एक भारतीय प्रबन्धन संस्थान (प्ण्ड) तथा एक भारतीय सूचना प्रोद्यौगिकी संस्थान (प्ण्प्ज) खोलने के मामले पर हम केन्द्रीय सरकार के साथ अनुवर्ती कारवाई करेंगे। हिमाचल प्रदेष के प्रत्येक ज़िले में एक 'कॉलेज ऑफ एक्सीलैन्स' खोलने हेतु विषेश धन राषि प्रदान करने का मामला भी केन्द्र सरकार से उठाया जाएगा। ज़िला सिरमौर, बिलासपुर, कुल्लू, किन्नौर तथा लाहौल स्पिति में चरणबद्ध तरीके से 5 बहुतकनीकी संस्थान खोले जाएंगे।

49ण हमारी सरकार ने ऊर्जा मंत्रालय की सहभागिता से बिलासपुर में एक नया इंजीनियरिंग कॉलेज खोलने हेतु केन्द्र सरकार को सहमत किया है, जिसमें विषेश रूप से जलविद्युत परियोजनाओं संबंधी षिक्षा प्रदान की जायेगी। मण्ड़ी, ऊना, सोलन तथा हमीरपुर ज़िलों में मैडिकल कॉलेज स्थापित करने हेतु सार्वजनिक–निजी

सांझेदारियां निश्पादित की जा रही हैं। निजी नर्सिंग कॉलजों तथा संस्थाओं को स्थापित करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किए जा चुके हैं।

50ण उच्च षिक्षा के क्षेत्र में 10 प्रतिषत की राश्ट्रीय औसत दाखिला दर के मुकाबले हिमाचल प्रदेष 20 प्रतिषत से अधिक की उच्चतम दाखिला दर प्राप्त कर चुका है। प्रदेष सरकार भविश्य में अधिकाधिक सार्वजनिक–निजी भागीदारी द्वारा इस दाखिला दर को लगभग 50 प्रतिषत तक बढ़ाने का प्रयास करेगी ताकि हिमाचल प्रदेष को देष का अग्रणी षिक्षा हब बनाया जाए।

स्वास्थ्य एवं आयुर्वैद

51ण अध्यक्ष महोदय, सरकार अगले वित्त वर्श के दौरान प्रदेष की जनता के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में और सुधार करेगी। हम चिकित्सकों तथा पैरामैडिकल स्टाफ की कमी को पूरा करने के लिए हर सम्भव कदम उठा रहे हैं। इस वर्श रोगी कल्याण समितियों की संख्या दुगुनी से अधिक होकर 235 से 485 हो गयी है, जो राज्य में स्वास्थ्य संस्थाओं की कुल संख्या के 80 प्रतिषत से भी अधिक है। रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से भी संस्थाविषेश आधार पर डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई हैं। इस वर्श, आज तक 225 डॉक्टरों की नियुक्तियां की गई हैं। इसके अतिरिक्त 175 आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों के पदों को भरा जा रहा है। नर्सों के 262 पद भरे जा चुके हैं तथा पैरा मेडिकल स्टॉफ की षेश रिक्तियों पर भी भर्ती प्रक्रिया चल रही है। 300 आयुर्वेदिक फार्मासिस्टों को एक वर्श का प्रषिक्षण कोर्स करवाने की प्रक्रिया भी जारी है।

52ण डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के दृश्टिगत हमारी सरकार आई0जी0एम0सी0 षिमला में एम0बी0बी0एस0 सीटों को 65 से 100 तक बढ़वाने के लिए आवष्यक कदम उठाएगी। विषेशज्ञों की कमी को पूरा करने हेतु टाण्डा मेडिकल कॉलेज और आई0जी0एम0सी0 षिमला में 20 'पोस्ट ग्रेजुएट' सीटों में वृद्धि करवाई जा रही है। 2010 तक इन मेडिकल कॉलेजों में 'पोस्ट ग्रेज्यूएट' सीटों की संख्या 83 हो जाएगी।

53ण डाक्टरों की कमी को पूरा करने के लिए, सोलन तथा पालमपुर में निजी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जा रही है। कर्मचारी राज्य बीमा निगम

के माध्यम से मण्डी में भी एक 'मल्टी स्पेषिएलिटी' अस्पताल तथा मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है, जहां पर सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सार्वजनिक–निजी सांझेदारी से ऊना, मण्डी तथा हमीरपुर में और मेडिकल कॉलेज खोलने का विचार है। जिसके लिए करारनामें तैयार करने हेतु हमारी सरकार ने 'कनसलटेन्ट्स' नियुक्त किए हैं।

54ण नर्सों की कमी को पूरा करने के लिए आगामी वित्त वर्श के दौरान निजी क्षेत्र में हम 12 बी0एस0सी नर्सिंग कॉलेज तथा 28 नर्सिंग स्कूल खोलने की आषा करते हैं। बड़ू साहिब, ज़िला सिरमौर में इस वर्श निजी क्षेत्र में एक बी0एस0सी0 नर्सिंग कॉलेज खोला गया है।

55ण इन प्रयासों से हम सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रषिक्षित स्टॉफ की कमी को पूरा करेंगे। इससे षिक्षित युवाओं के लिए राश्ट्रीय तथा अन्तर्राश्ट्रीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता के रोज़गार अवसर भी खुलेंगे।

56ण हमारी सरकार आगामी वित्त वर्श में प्रदेष के सभी ज़िलों में गरीबी रेखा से नीचे परिवारों हेतु एक बृहद् स्वास्थ्य बीमा योजना आरम्भ करेगी। सार्वजनिक–निजी सांझेदारी में हम बृहद् आपातकाल चिकित्सा तथा 'ऐम्बुलेन्स' सेवाएं आरम्भ करने की सम्भावनाएं भी तलाषेंगे।

57ण अध्यक्ष महोदय, हमारी स्वास्थ्य सेवाओं को वरिश्ठ नागरिकों की विषेश आवष्यकताओं के अनुरूप भी ढालना होगा । आयुर्वेद विभाग ने वरिश्ठ नागरिकों हेतु प्रत्येक मंगलवार को विषेश ओ0पी0डी0 सेवायें आरम्भ कर दी है। अन्य सभी स्वास्थ्य संस्थाएं भी वरिश्ठ नागरिकों की विषेश स्वास्थ्य आवष्यकताओं को पूरा करेंगी।

58ण टाण्डा मेडिकल कॉलेज में सुविधाओं को 'एम्स' ;।प्प्डैद्ध के बराबर स्तरोन्नत करने के लिए हम एक विषेश योजना आरम्भ करेंगे। इस उद्देष्य से, हमने इसी महीने भारत सरकार से 125 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त की है। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए, अगले वर्श, प्रसूति तथा षिषु सेवाओं को कमला नेहरू अस्पताल से

आई0जी0एम0सी0 में स्थानांतरित करने की सम्भावना भी तलाषी जाएगी।

पर्यटन

59ण पर्यटन आर्थिक विकास व रोज़गार उत्पन्न करने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है। 2009–10 में 1 करोड़ से भी ज़्यादा पर्यटकों को आकर्शित करना हमारा लक्ष्य रहेगा। इस के लिए पर्यटन विभाग सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के साथ मिलकर सुनिष्चित करेगा कि हिमाचल प्रदेष पर्यटन विकास निगम की तरह, कम से कम 70 प्रतिषत निजी होटल 'इंटरनेट वेबसाईट' पर सूचना तथा 'ऑन लाईन' आरक्षण सुविधाएं प्रदान करें।

60ण ग्राामीण ''होम स्टे पर्यटन योजना'' हमारी सरकार द्वारा आरम्भ की जा चुकी है। इस के अन्तर्गत 'हब एण्ड स्पोक' व्यवसाय पद्धति प्रोत्साहित की जाएगी जिसमें षिमला, मनाली, धर्मषाला, डलहौज़ी इत्यादि लोकप्रिय स्थलों में आये पर्यटकों को आसपास बसे धरोहर गांवों में ठहरने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन विभाग ''होम स्टे योजना'' के अन्तर्गत ऐसे स्थल–समूहों को सुसाध्य बनाने हेतु योजनाएं तैयार करेगा। पर्यटकों को पंचकर्म जैसी पर्यटन सम्बन्धी स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने के लिए पर्यटन विभाग आयुर्वेद विभाग का सहयोग लेगा। वरिश्ठ नागरिकों के लिए हिमाचल प्रदेष पर्यटन विकास निगम विषेश 'इनोवेटिव टूरिज़म पैकेज' तैयार करेगा, जिसमे 'ऑफ सीज़न' छूट दी जाएगी।

61ण माननीय सदस्यों द्वारा प्रदेष के अनेक सुन्दर स्थलों का उल्लेख किया गया था जिनमें पर्यटन की बहुत सम्भावनाएं हैं। अगले वर्श पर्यटन विभाग इन में से 5 सबसे अच्छे स्थलों को चिह्नित करेगा, जिनका नये पर्यटक स्थलों के रूप में विकास तथा विपणन किया जा सके।

62ण पिछले बजट भाशण में मैंने इस मान्य सदन को सूचित किया था कि हमारी सरकार प्रदेष में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए एक बाह्य वित्त पोशित परियोजना पर कार्य कर रही है। मुझे यह सूचित करते हुए हर्श हो रहा है कि इस दिषा में पर्याप्त प्रगति हुई है और 'एषियन

